**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**04.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

## राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने मंडी जिला में आपदा के कारण हुए जान– माल के नुकसान पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि परीक्षा की इस घड़ी में क्षेत्र के लोगों ने साहस और दृढ़ता का परिचय दिया है और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद, लोगों का मनोबल मजबूत बना हुआ है। राज्यपाल और लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल ने आज बिलासपुर जिला के ऐतिहासिक मार्कंडेय मंदिर में पूजा–अर्चना करने के बाद पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान ये बात कही। राज्यपाल ने प्रदेश के लोगों की सुख–समृद्धि की कामना भी की।

------------------------------------------

## मांडविया– लोकसभा

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने आज कहा कि रोजगार मेले के तहत पिछले 16 महीनों में 11 लाख से ज़्यादा युवाओं को रोज़गार मिला है। लोकसभा में एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक दशक में 17 करोड़ से ज़्यादा युवाओं को रोज़गार मिला है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में केवल तीन करोड़ रोज़गार के अवसर सृजित हुए। मांडविया ने कहा कि अगले पाँच वर्षों में 4 करोड़ से ज़्यादा रोज़गार सृजित करने के लिए प्रधानमंत्री विकासशील भारत रोज़गार योजना के तहत 2 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

मांडविया ने कहा कि यूपीए सरकार के दौरान कृषि क्षेत्र में रोज़गार सृजन शून्य से 16 प्रतिशत कम था, जो एनडीए सरकार के कार्यकाल में बढ़कर 19 प्रतिशत हो गया है।

------------------------------------------

## परमार जयंती

हिमाचल निर्माता डॉ यशवंत सिंह परमार की आज एक सौ 19वीं जयंती है। इस मौके पर प्रदेश विधानसभा पुस्तकालय में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने डॉ यशवंत सिंह परमार की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर विशेष तौर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने डॉक्टर यशवंत सिंह परमार के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने प्रदेश में विकास को आगे बढ़ाया।

------------------------------------------

## रोजगार योजना

केन्द्र सरकार द्वारा युवाओं के लिए प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना शुरू की गई है, जिसके तहत नई नौकरी ज्वाईन करने वाले युवाओं का ईपीएफ काटा जाता है। नौकरी पर केन्द्र सरकार प्रोत्साहन और नियोक्ताओं को रोजगार सृजन के लिए मासिक ढंग से प्रोत्साहन राशि देगी। सोलन में युवाओं ने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह केन्द्र सरकार की लाभकारी योजना है।

.........................................

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज रुक–रुक कर मॉनसून की बारिश जारी है। मौसम विभाग ने ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी और सिरमौर ज़िलों में मूसलाधार बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि शिमला, बिलासपुर, चंबा, कुल्लू और सोलन ज़िलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। कल भी कई ज़िलों में इसी तरह के ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी रहेंगे। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता–

*वीओः– हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिला के मनाली उपमंडल में भारी वर्षा के चलते प्रशासन ने आज सभी शिक्षण संस्थानों में अवकाश घोषित किया है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार भारी बारिश और भूस्खलन के चलते प्रदेश भर में एक राष्ट्रीय उच्च मार्ग सहित 309 सड़कों पर यातायात अवरुद्ध है। कुल्लू जिला में राष्ट्रीय उच्च मार्ग– 305 झेड खनग के पास बाधित है। इसके अलावा एक सौ 13 बिजली ट्रांसफार्मर और 2 सौ 36 पेयजल योजनाएं ठप्प पड़ी हैं। रिपोर्ट के अनुसार इस मानसून सीजन में प्रदेश में अब तक वर्षा जनित हादसों में 184 लोगों की मृत्यु हो चुकी है और 36 लोग अभी भी लापता हैं। इसके अतिरिक्त अब तक 1714 करोड़ रूपए की सार्वजानिक सम्पति का भी नुकसान हुआ है।*

.........................................

## दुर्घटना

मंडी जिले में छतरी–जंजैहली मार्ग पर कल देर रात एक कार के गहरी खाई में गिर जाने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान देवदत्त, मंगल चंद, और यशपाल के रूप में की गई है और ये सभी सराज क्षेत्र के छतरी के रहने वाले हैं। घायलों को उपचार के लिए मैडिकल कॉलेज नेरचौक में भर्ती किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे की जांच शुरू कर दी है।

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस दुर्घटना में तीन लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने ज़िला प्रशासन को मृतकों के परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

.........................................